# भोले बाबा साथ में | by Master Nanu

रूठा सा चेहरा लेके मैं मंदिर में पहुँच गया
नज़र पड़ी भोले बाबा की जीवन संभल गया
दिल से तू करले पुकार भोले बाबा साथ में
डरने की क्या बात भोले बाबा साथ में

जय शंकर..........जय शंकर............

सुना है तूने लाखों की किस्मत बनाई है
ना जाने मेरी अर्ज़ी कहाँ छिपाई है
महादेव मेरे महादेव मेरे मुझे तेरी शरण में रहने दे
कुछ दर्द है मेरे सीने में महादेव आप से कहने दे
दिन हो चाहे रात भोले बाबा साथ में
डरने की क्या बात भोले बाबा साथ में

जय शंकर..........जय शंकर............

सुना है शंकर दिल के नेक बन्दों से प्यार करता है
दिल के करीब रहके सारी बात सुना करता है
भक्तों के चेहरे की हंसी भोला तेरी बदौलत है
सब हो जाता तेरे भरोसे तू ही सच्ची दौलत है
रख मन में विध्वस भोले बाबा साथ में
डरने की क्या बात भोले बाबा साथ में

जय शंकर..........जय शंकर............

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ad%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%a5-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-by-master-nanu/